न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
सेवा समाधान समर्पण

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# CITIZENS' CHARTER




## DELHI STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

*24x7 Toll Free Helpline Number 1516*

# Article 39A to the Constitution of India

*Equal justice and free legal aid*

The State shall secure that the operation of the legal system promotes justice, on a basis of equal opportunity, and shall, in particular, provide free legal aid, by suitable legislation or schemes or in any other way, to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities.

---

# भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A

**समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता**

**राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि विधिक तंत्र इस प्रकार काम करे कि समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो और वह, विशिष्टतया, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आर्थिक या किसी अन्य निर्योषयता के कारण कोई नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रह जाए, उपयुक्त विधान या स्कीम द्‌वारा या किसी अन्य रीति से निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था करेगा।**

# MESSAGE FROM THE PATRON-IN-CHIEF, DSLSA



*Hon'ble Mr. Justice*
*Satish Chandra Sharma*
*Hon'ble Judge*
*High Court of Delhi*

*Justice Satish Chandra Sharma*
**CHIEF JUSTICE**

**HIGH COURT OF DELHI**
Sher Shah Road
New Delhi-110503
Tel. : 011-23387949
011-23382951

## MESSAGE

It gives me immense pleasure to know that Delhi State Legal Services Authority is publishing its Citizens' Charter during the year when our country is celebrating *Azadi ka Amrit Mahotsav* to mark 75 years of India's Independence.

I sincerely hope that publication of this document brings about a paradigmatic shift in the way the citizens view the work done by the Delhi State Legal Services Authority, which has ever since its establishment been serving the masses with a missionary zeal so as to spread Legal Awareness and provide access to qualitative legal aid to all. It is also my earnest hope that this Citizens' Charter will become a tool to empower the marginalized and vulnerable sections of the society, who will now have a voice of their own to suggest improvisations so as to continually increase the outreach of Delhi State Legal Services Authority. Though I am cognizant of the challenges faced by the Delhi State Legal Services Authority in delivering on its mandate, I strongly believe that this document, by ironing out the creases in interface between this Authority and the beneficiaries, shall capitalize on diverse thinking and ideologies, to bring about qualitatively superior experiences for one and all, thereby taking the work of Delhi State Legal Services Authority to a higher pedestal.

My best wishes to the entire team of Delhi State Legal Services Authority. May they continue to soar to greater heights!

**(SATISH CHANDRA SHARMA)**

# MESSAGE FROM THE EXECUTIVE CHAIRMAN, DSLSA



*Hon'ble Mr. Justice*
*Siddharth Mridul*
*Hon'ble Judge*
*High Court of Delhi*

HIGH COURT OF DELHI

सत्यमेव जयते

SIDDHARTH MRIDUL
JUDGE
HIGH COURT OF DELHI

15, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110011
TEL. : COURT : 23382189, FAX : 23383375 RES. : 21410817

## MESSAGE

As Executive Chairman, Delhi State Legal Services Authority, it gives me immense pleasure to offer to our prized Citizenry, the Citizens' Charter of Delhi State Legal Services Authority.

Delhi State Legal Services Authority has ever since its inception striven hard to become the catalyst of inclusivity, legal awareness, empowerment and accessibility to justice. It has been the sincere endeavour of Delhi State Legal Services Authority to anticipate the needs of the intended beneficiaries; innovate with fresh and imaginative solutions to cater to their emergent needs; and captivate them with dedicated and qualitative service.

It is hoped that the Citizens' Charter will prove to be a document of seminal import which shall transform the nature and quality of interface between Delhi State Legal Services Authority and the citizens whom it caters, thereby giving it a progressive looking makeover.

I urge Team DSLSA to rise to the challenges and continue to remain the pioneer in spreading legal awareness and providing qualitative legal aid to the beneficiaries. On the concluding note, I congratulate the dedicated team of DSLSA and wish them all the success in their future endeavours.

**Justice Siddharth Mridul**

# MESSAGE FROM THE CHAIRMAN, DHCLSC



*Hon'ble Mr. Justice Manmohan*
*Hon'ble Judge*
*High Court of Delhi*

MANMOHAN
JUDGE
HIGH COURT OF DELHI
8, RAJAJI MARG, NEW DELHI-110011
TEL : COURT : 23383282 FAX : 23383375 RES. : 21410834, 23017016

**MESSAGE**

I am glad to know that Delhi State Legal Services Authority is releasing its Citizens' Charter. This initiative deserves to be lauded as it's a very crucial step in securing the much- desired goal of "Good governance", a goal which ought to be pursued by all State instrumentalities.

This document shall be a testament to Delhi State Legal Services Authority's commitment to quickly and resolutely solve the problems which the public encounters, day in and day out, while dealing with/ seeking the help of this Authority. I firmly believe that this document shall prove to be a powerful tool for fostering qualitative improvement in the Authority's functioning and service delivery mechanism as it would encourage the Authority to have a more innovative and personalised approach to service delivery.

I congratulate all those whose efforts have given shape to this Citizens' Charter, which is quite fortuitously being released during the year when the celebrations of Azadi ka Amrit Mahotsav are underway.

Justice Manmohan

# MESSAGE FROM THE MEMBER SECRETARY, DSLSA



*Mr. Bharat Parashar*
*District Judge*

**BHARAT PARASHAR**
DISTRICT JUDGE
&
MEMBER SECRETARY, DSLSA

सत्यमेव जयते

**DELHI STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY**
Patiala House Courts, New Delhi-110001
Tel: 011-23384781, 011-23384638
Email: dslsa-phc@nic.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

## MESSAGE

As Member Secretary, Delhi State Legal Services Authority, my heart swells with pride to present to you our **Citizens' Charter**. As Delhi State Legal Services Authority has constantly and continuously striven to transform itself with the changing times and has always embraced new ideas to deliver citizen-centric services to the beneficiaries of the Legal Aid Movement, this Citizens' Charter was long due. It is sheer serendipity that this document is being released on a day which marks a new and promising beginning for Delhi State Legal Services Authority, as it shifts to its new Office at Rouse Avenue Courts Complex.

By offering this **Citizens' Charter** to the public, an earnest effort has been made by team DSLSA to break new ground by leaning on the service quality paradigm, thereby setting higher standards of service; ensuring greater fairness, transparency and consultation in service delivery; and providing for timely remedial measures to correct deficiencies in service. I hope this document acts as a **prototype/ template** for other **Legal Aid Institutions** and inspires efforts at replication across board.

The entire team at Delhi State Legal Services Authority takes immense satisfaction in presenting this unique document with transformative potential on a landmark day in the history of Delhi State Legal Services Authority. I hope that DSLSA continues to be a **trailblazer** as before, in the years to come.

**BHARAT PARASHAR**

## Vision and Mission Statement for having a Citizens' Charter

- To improve the quality of services being rendered by us to the public which reaches out to us for legal aid.
- To inform people about: the mandate of Delhi State Legal Services Authority (DSLSA) & District Legal Services Authorities (DLSAs); the initiatives taken by us to deliver on the assigned mandate; grievance redressal mechanism for the aggrieved beneficiaries; and our expectations from the public reaching out to us.
- To deliver quality and timely services to our intended beneficiaries; while also ensuring easy accessibility; non-discriminative attitude; transparency and accountability.
- To increase public participation, in the most appropriate way, so that we are able to deliver more personalized and customized services for the public.
- To assimilate, optimize and employ technological developments for providing qualitative legal services; creating legal awareness and promoting alternative dispute resolution (ADR) mechanism.
- To become more sensitive towards the needs of the physically and visually challenged persons and other vulnerable groups of people who come in contact with us and accordingly, set up an inclusive, gender/ disability/ vulnerability sensitive infrastructure.

## नागरिक अधिकार-पत्र बनाने के लिए दृष्टि और मिशन वक्तव्य

- कानूनी सहायता हेतु हमारे पास पहुंचने वाली जनता के लिए हमारे द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना।
- लोगों को इन विषयों के बारे में सूचित करना: DSLSA एवं DLSA का जनादेश; सौंपे गए जनादेश को पूरा करने के लिए हमारे द्वारा की गई पहल; पीड़ित लाभार्थियों के लिए शिकायत निवारण तंत्र; और हम तक पहुंचने वाली जनता की हमसे अपेक्षाएं।
- लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और समयोचित सेवाएं प्रदान करना; और आसान पहुंच के साथ-साथ गैर-भेदभावपूर्ण रवैया; पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना।
- उपयुक्त तरीके से सार्वजनिक भागीदारी बढ़ाना, जिससे हम जनता के लिए और अधिक व्यक्तिगत और अनुकूल सेवाएं देने में सक्षम हों।
- गुणात्मक कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए तकनीकी विकास को अनुकूलित करना, नियोजित करना और आत्मसात करना, कानूनी जागरूकता पैदा करना और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देना।
- हमारे संपर्क में आने वाले दिव्यांग, दृष्टिबाधित व्यक्तियों तथा अन्य कमजोर वर्गों के व्यक्तियों की आवश्यकताओं के प्रति अधिक संवेदनशील होना और तदानुसार, लैंगिक/दिव्यांग जनों के प्रति संवेदनशील बुनियादी ढांचे की स्थापना करना।

## *Our Objectives:*

- To ensure Access to Justice for All
- To diligently pursue Justice for All
- To balance the scales of Justice for All
- To empower people by providing free and qualitative legal aid
- To protect Citizens' rights, Citizens' freedom, Citizens' future
- To have a vision to see beyond conflicts
- To show compassion and patience
- To provide professional, effective, calm and balanced legal advice
- To do all this with integrity
- To accept suggestions with a willingness to change

## हमारा लक्ष्य:

- सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना।
- सभी को न्याय मिले इसके लिए लगन से प्रयास करना।
- सभी के लिए न्याय के मापदंड को संतुलित करना।
- मुफ्त और गुणात्मक कानूनी सहायता प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाना।
- जन साधारण के अधिकारों, स्वतंत्रता और भविष्य की रक्षा करना।
- संघर्षों से परे देखने की दृष्टि रखना।
- करुणा और धैर्य दिखाना।
- पेशेवर, प्रभावी, शांत और संतुलित कानूनी सलाह प्रदान करना।
- यह सभी कार्य ईमानदारीपूर्वक करना।
- परिवर्तन की इच्छा के साथ सुझावों को स्वीकार करना।

## *About Us*

DSLSA (the erstwhile Delhi Legal Aid & Advice Board) has been constituted by an Act of the Parliament (i.e. The Legal Services Authorities Act, 1987 as amended by Legal Services Authorities (Amendment) Act, 2002), to provide free and competent legal service to the weaker sections of the society so as to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen on account of socio- economic disabilities or vulnerabilities. We have also been entrusted the task of organizing Lok Adalats and promoting other forms of ADR. We have also been assigned the task of promoting legal awareness and literacy amongst the masses so that they have knowledge about their lawful entitlements.

For the purpose of administrative convenience and segregation of work & records, office of DSLSA is divided into 5 different Wings (in accordance with the functions as envisaged in Section 7 of the Legal Services Authorities Act, 1987 read with Regulation No. 4, Delhi State Legal Services Authority Regulations, 2002). The five Wings are as under:-

- Establishment Wing
- Legal Aid Wing
- ADR Wing
- Legal Literacy Wing
- Litigation Wing

## हमारे विषय में:

दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (DSLSA) (पूर्व में दिल्ली कानूनी सहायता और सलाह बोर्ड) का गठन संसद के एक अधिनियम (यानी विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 जो कि विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा संशोधित किया गया है) द्वारा किया गया है। हमारा उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवा प्रदान करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक-आर्थिक अक्षमताओं या अन्य किसी कारण से कोई भी नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न रह जाए। हमें लोक अदालतों के आयोजन और वैकल्पिक विवाद समाधान के अन्य रूपों को बढ़ावा देने का काम भी सौंपा गया है। हमें जनता के बीच कानूनी जागरूकता और साक्षरता को बढ़ावा देने का काम भी सौंपा गया है, ताकि उन्हें अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी हो।

प्रशासनिक सुविधा और कार्य व रिकॉर्ड के पृथक्करण के उद्देश्य से, (विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 7 में उल्लिखित और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम, 2002 की विनियम संख्या 4 के साथ पठित, कार्यों के अनुसार), दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को 5 अलग-अलग विभागों में विभाजित किया गया है। ये पाँच विभाग निम्नलिखित हैं:-

- स्थापना विभाग
- कानूनी सहायता विभाग
- एडीआर विभाग
- कानूनी साक्षरता विभाग
- विवाद समाधान विभाग

**DSLSA has also constituted a Committee in the High Court of Delhi called Delhi High Court Legal Services Committee (DHCLSC) under Section 8-A of the Legal Services Authorities Act, 1987, as amended by the Legal Services Authorities (Amendment) Act, 2002.**

**12 offices of DLSAs (one in each of the 11 judicial districts and an additional one at Rouse Avenue which comes under Central DLSA) have been established under Section 9 of the Legal Services Authorities Act, 1987 as amended by the Legal Services Authorities (Amendment) Act, 2002 and they also function under DSLSA.**

**दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 यथा संशोधित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 8-ए के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय में एक समिति गठित की है जिसे उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (HCLSC) कहा जाता है।**

**12 DLSAs (11 न्यायिक जिलों में राउज एवेन्यू DLSA सहित, जो Central DLSA के अंतर्गत आता है) को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 9 के तहत एवं यथा संशोधित विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा स्थापित किया गया है, और वे दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्य करते हैं।**

## Where to Reach Us

One can reach the office of DSLSA and the DLSAs at the under mentioned addresses and contact numbers/ web links/ email addresses:

## हम तक कैसे पहुंचें

DSLSA और DLSAs के कार्यालय में नीचे दिए गए पते और संपर्क नंबर/वेब लिंक/ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है:

| *Sr. No.* | *Name* | *Address* | *Mobile/ Telephone No./ Fax No.* | *Official Website & Email* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Central Office, DSLSA<br><br>केंद्रीय कार्यालय, डीएसएलएसए | 3rd Floor, Rouse Avenue Courts Complex, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg New Delhi-110002<br><br>राउज एवेन्यू, जिला न्यायालय परिसर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 | 9870101337 | http://dslsa.org/<br><br>estabwing-dslsa@nic.in |
| 2. | Delhi High Court Legal Services Committee<br><br>दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति | 33-38, Lawyers' Chambers, Delhi High Court, New Delhi-110503<br><br>33-38, लॉयर्स चेम्बर्स, दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली-110503 | 011-23383418,<br><br>23387907 (Extn.4381.) | www.dhclsc.org<br><br>dhclsc-dhc@nic.in |
| 3. | Central DLSA<br><br>सेंट्रल डीएलएसए | Room No. 287, Tis Hazari Courts, Delhi-110054<br><br>कमरा नंबर 287, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली-110054 | 9667992791<br><br>011-23933231 | http://dslsa.org/central/<br><br>central-dlsa@nic.in |
| 4. | Rouse Avenue (Office of Central DLSA)<br><br>राउज़ एवेन्यू डीएलएसए | Room No. 508, Rouse Avenue Courts Complex, New Delhi-110002<br><br>कमरा नंबर 508, राउज एवेन्यू कोर्ट, नई दिल्ली-110002 | 011-20832847 | rouseavenue-dlsa@delhi.gov.in |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | **West DLSA**<br><br>**पश्चिम डीएलएसए** | **Room No. 295. Tis Hazari Courts, Delhi-110054**<br><br>**कमरा नंबर 295, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली-**110054 | **9667992792**<br><br>**011-23968052** | **http://dslsa.org/wd/**<br><br>**west-dlsa@nic.in** |
| 6. | **East DLSA**<br><br>**पूर्वी डीएलएसए** | **Room No. 36, Karkardooma Court Complex, Delhi-110032**<br><br>**कमरा नंबर 36, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर, दिल्ली-**110032 | **9667992793**<br><br>**011-22101336,**<br><br>**22382490** | **http://dslsa.org/ed/**<br><br>**east-dlsa@nic.in** |
| 7. | **North East DLSA**<br><br>**उत्तर पूर्व डीएलएसए** | **Room No. 35, Karkardooma Court Complex, Delhi-**110032<br><br>**कमरा नंबर 35, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर, दिल्ली-**110032 | **9667992794**<br><br>**011-22101335** | **https://dslsa.org/ned/**<br><br>**northeast-dlsa@nic.in** |
| 8. | **Shahdara DLSA**<br><br>**शाहदरा डीएलएसए** | **Room No. 35-A, Karkardooma Court Complex, Delhi-**110032<br><br>**कमरा नंबर 35 ए, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर, दिल्ली-**110032 | **9667992795**<br><br>**011- 22101456** | **http://dslsa.org/shd/**<br><br>**shahdara-dlsa@nic.in** |
| 9. | **New Delhi DLSA**<br><br>**नई दिल्ली डीएलएसए** | **Pre-Fab Building, Ground Floor, Patiala House Courts, New Delhi-110001**<br><br>**प्री-फैब बिल्डिंग, भू तल, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-**110001 | **9667992802**<br><br>**011-23072418;**<br><br>**23071732; 23071733** | **http://dslsa.org/ndd/**<br><br>**newdelhi-dlsa@nic.in** |
| 10. | **South DLSA**<br><br>**दक्षिण डीएलएसए** | **Room No-309, 3rd Floor, Saket Courts Complex, New Delhi-110017**<br><br>**कमरा नंबर-309, तीसरी मंजिल, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली--110017** | **9667992799**<br><br>**011-29562440** | **http://dslsa.org/sd/**<br><br>**south-dlsa@nic.in** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | **South East DLSA**<br><br>**दक्षिण पूर्व डीएलएसए** | **Ground Floor, Utility Block, Saket Courts Complex, New Delhi—** 110017<br><br>**भू तल, उपयोगिता ब्लॉक, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली-**-110017 | **9667992800**<br><br>**011-29561040** | **http://dslsa.org/sed/**<br><br>**southeast-dlsa@nic.in** |
| 12. | **South West DLSA**<br><br>**दक्षिण पश्चिम डीएलएसए** | **Room No-5A, Administrative Block, Ground Floor, Dwarka Court Complex, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075**<br><br>**कमरा नंबर -5 ए, प्रशासनिक ब्लॉक, भूतल, द्वारका कोर्ट परिसर, सेक्टर -10, द्वारका, नई दिल्ली-110075** | **9667992801**<br><br>**011-28041480** | **http://dslsa.org/swd/**<br><br>**southwest-dlsa@nic.in** |
| 13. | **North DLSA**<br><br>**उत्तर डीएलएसए** | **Room No. 405, Rohini Courts Complex, Delhi-110085**<br><br>**कमरा नंबर 405, रोहिणी कोर्ट परिसर, दिल्ली-**110085 | **9667992797**<br><br>**011-27557310** | **http://dslsa.org/nd/**<br><br>**north-dlsa@nic.in** |
| 14. | **North West DLSA**<br><br>**उत्तर पश्चिम डीएलएसए** | **Room No. 405, 4th Floor, Rohini Courts Complex, Delhi-**110085<br><br>**कमरा नंबर 405, चौथी मंजिल, रोहिणी कोर्ट परिसर, दिल्ली-**110085 | **9667992798**<br><br>**011-27555536** | http://dslsa.org/nwd/<br><br>**northwest-dlsa@nic.in** |

If you wish to avail any of the services being rendered by us, you can visit the above mentioned offices on working days (i.e. Monday to Saturday, except 2nd Saturday of the month and on official holidays) during our working hours i.e. 10.00 AM till 05.00 PM (lunch break from 01.30 PM till 02.00 PM). Our offices are open to all.

We have also set up our Front offices on the Ground Floor in all Court Complexes and the same are easily accessible. You may directly visit the Front Office, where our Panel Lawyer shall provide legal advice; draft applications, petitions, replies etc. in an effective and expeditious manner. Special care has been taken to ensure that our Front Offices are accessible to persons with special needs/ locomotor/ visual impairment. There is also a provision for wheel chair in the Court precincts where our offices are situated. You can approach the Facilitation Centre of the District Court Complex for being provided with a wheel chair to move around in the Court complex/ our offices.

You can also reach out to us on our 24x7 Toll-Free Helpline Nos. 1516 and 15100 (NALSA Helpline-for Delhi Region) for advice/enquiry. You can also reach out to us on our helpline number dedicated for victims of Domestic Violence i.e. 9667992802 (through calls/ SMSs/WhatsApp).

In an endeavour aimed to make life simpler for the citizens and to facilitate easy access to justice, DSLSA has also launched an e-application called “Vidhik Sewa”, which is available on Google Play store.

यदि आप हमारे द्वारा प्रदान की जा रही किसी भी सेवा का लाभ उठाना चाहते हैं, तो आप उपरोक्त कार्यालयों में कार्य दिवसों (अर्थात सोमवार से शनिवार, महीने के दूसरे शनिवार और आधिकारिक छुट्टियों को छोड़कर) पर कार्यालय समयानुसार यानी सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक जा सकते हैं। (भोजनावकाश दोपहर 01.30 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक)। हमारे कार्यालय सभी के लिए खुले हैं।

हमने सभी कोर्ट परिसरों में भूतल पर अपने फ्रंट ऑफिस भी स्थापित किए हैं और ये सुगमतापूर्वक अभिगम्य है। आप सीधे फ्रंट ऑफिस जा सकते हैं, जहां हमारे पैनल वकील कानूनी सलाह देंगे तथा शीघ्र और प्रभावी तरीके से आवेदनों, याचिकाओं, उत्तरों आदि का प्रारूप तैयार करेंगे। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि हमारे फ्रंट ऑफिस दिव्यांग जनों/ वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहज सुलभ हों। न्यायालय परिसर में जहां हमारे कार्यालय स्थित हैं, वहां व्हील चेयर का भी प्रावधान है। आप न्यायालय परिसर/हमारे कार्यालयों में घूमने के लिए व्हील चेयर प्रदान करने के लिए जिला न्यायालय परिसर के सुविधा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

आप सलाह/पूछताछ के लिए हमारे 24X 7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1516 और 15100 (NALSA हेल्पलाइन- दिल्ली क्षेत्र के लिए) पर भी हमसे संपर्क कर सकते हैं। आप घरेलू हिंसा के पीड़ितों के लिए समर्पित हमारे हेल्पलाइन नंबर यानी 9667992802 (कॉल/एसएमएस/व्हाट्सएप के माध्यम से) पर भी हमसे संपर्क कर सकते हैं।

नागरिकों के जीवन को आसान बनाने और न्याय तक आसान पहुंच की सुविधा के उद्देश्य से, DSLSA ने “Vidhik Sewa” नामक एक E-Application लॉन्च किया है, जो Google Play store पर उपलब्ध है।

## *Our Work*

a) **Providing Free Legal Aid and other ancillary services:**

**Free legal services can be availed from DSLSA, DHCLSC, DLSAs situated at the premises of Delhi District Courts by all the entitled persons as per rules formulated under the Legal Services Authority Act, 1987.**

**As per Chapter VI, Rule 9 of the Delhi Legal Services Authority Regulations 2002, the following persons are eligible for free Legal Aid Services:-**

a) **Person belonging to Scheduled Caste or Scheduled Tribe;**

b) **Victim of trafficking or begar;**

c) **Woman or Child;**

d) **Person with Disabilities;**

e) **Victim of Mass Disaster/Ethnic Violence/ Caste Atrocity/Flood/ Earthquake or Industrial Disaster;**

f) **Industrial Workman;**

g) **Person in Custody/ Protective Home/ Juvenile Home/Psychiatric Hospital/ Psychiatric Nursing Home;**

h) **Person having annual income less than Rs. 3 Lacs;**

i) **Senior Citizen having annual income less than Rs. 4 Lacs;**

j) **Transgender having annual income less than Rs. 4 Lac;**

k) **Acid Attack Victim; and**

l) **Person infected and affected with HIV Aids.**

## हमारे कार्य:

ए) **मुफ्त कानूनी सहायता और अन्य सहायक सेवाएं प्रदान करना:**

**विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार सभी हकदार व्यक्तियों द्वारा Delhi State Legal Services Authority, High Court Legal Services Committee;और दिल्ली जिला न्यायालयों परिसर में स्थित सभी District Legal Services Authorities से निःशुल्क कानूनी सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है ।**

**दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण विनियमन, 2002 के अध्याय VI, नियम 9 के अनुसार, निम्नलिखित व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं के पात्र हैं: -**

a) **अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित व्यक्ति;**

b) **तस्करी या बेगार का शिकार;**

c) **महिला या बच्चा;**

d) **दिव्यांग व्यक्ति;**

e) **सामूहिक आपदा/जातीय हिंसा/जाति अत्याचार/बाढ़/भूकंप या औद्योगिक आपदा का शिकार;**

f) **औद्योगिक कर्मकार;**

g) **हिरासत/सुरक्षागृह/किशोरगृह/मनोचिकित्सा अस्पताल/मनोचिकित्सा नर्सिंग होम में बंदी/ भर्ती व्यक्ति;**

h) **3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्ति;**

i) **वरिष्ठ नागरिक जिनकी वार्षिक आय 4 लाख रुपये से कम है;**

j) **ट्रांसजेंडर जिनकी वार्षिक आय 4 लाख रुपये से कम है;**

k) **एसिड अटैक पीड़ित; तथा**

l) **एचआईवी एड्स से संक्रमित और प्रभावित व्यक्ति।**

The form to apply for free legal aid can be downloaded from-

https://drive.google.com/file/d/1HSp6XtD7Nsg_7VNqBzIzooanKfVj3uRn/view .One may refer to FAQs in connection with free legal aid at this weblink- https://dslsa.org/free-legal-aid-2/.

We have empanelled lawyers to provide legal services in dif ferent kinds of cases before different forums (e.g. Civil Panel; MM panel; ADJ panel; Sessions Panel; Family Court Panel; NDPS Panel; Consumer Forum Panel; JJB Panel; NGT panel; CAT panel; DHCLSC panel). They are selected after advertisement is issued for selection of legal aid counsels; scrutiny of applications to check whether eligibility criteria are duly met; and an interview. They are empanelled for three years. They are imparted training on empanelment and are also expected to attend refresher training programs. A person entitled to free legal aid is not supposed to pay any fees/ charges to the Legal Aid Counsels. The panel lawyers are paid by the DSLSA as per the prevailing fee schedule, which is revised periodically.

We have also established an All India Legal Aid Cell on Child Rights in collaboration with Bachpan Bachao Andolan, under the aegis of National Legal Services Authority (NALSA), with a view to provide legal representation to the children in need of care and protection across the country; to take, deal, pursue and/ or coordinate and ensure prosecution against the persons indulging in child labour, traf fic in human beings, begar, forced labour, child abuse, or in any form of child exploitation; to undertake sensitization programs, for skill enhancement of lawyers and / or

हमने विभिन्न फोरम (Civil Panel; MM panel; ADJ panel; Sessions Panel; Family Court Panel; NDPS Panel; Consumer Forum Panel; JJB Panel; NGT panel; CAT panel; DHCLSC panel) के समक्ष अलग-अलग प्रकार के केसों में कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए वकील पैनलबद्ध किये हुए हैं। कानूनी सहायता अधिवक्ता के चयन के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद आवेदनों की जांच की जाती है कि आवेदक पात्रता मानदंडों को पूरा कर रहे हैं या नहीं और फिर एक साक्षात्कार द्वारा उनका चयन किया जाता है। ये अधिवक्ता तीन साल की अवधि के लिए चयनित किये जाते है। पैनल में शामिल होने के पश्चात उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है और उनसे Refresher training programs, जो समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, में भाग लेने की भी उम्मीद की जाती है। नि:शुल्क कानूनी सहायता के हकदार व्यक्ति को कानूनी सहायता अधिवक्ता को कोई शुल्क का भुगतान नहीं करना होता। पैनल वकीलों को DSLSA द्वारा निर्धारित शुल्क अनुसूची के अनुसार शुल्क अदा किया जाता है, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता है।

हमने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से बाल अधिकारों के लिए All India Legal Aid Cell की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य देश भर में देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों को कानूनी प्रतिनिधित्व प्रदान करने के साथ -साथ बाल श्रम, मानव तस्करी, बेगार, जबरन मजदूरी, बाल शोषण, (जैसे सौदा करना, पीछा करना या समन्वय करना) में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना और वकीलों /या पैरालीगल के कौशल वृद्धि के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। उस का विवरण http://dslsa.org/legal-aid-wing/all-india-legal-aid-cell-on-child-rights/ पर उपलब्ध है।

Para-legal Volunteers. Details regarding the same are available on http://dslsa.org/legal-aid-wing/all-india-legal-aid-cell-on-child-rights/ .

Our lawyers also visit jail complexes as per the roster prepared in this regard and they provide legal assistance to the jail inmates in drafting/ forwarding applications on their behalf; apprising the inmates about the status of their cases etc.

We also provide advice and assistance on legal issues at our Legal Service Clinics set up in different parts of the city including Educational Institutions like Universities and Colleges; Juvenile Justice Boards, Child Welfare Committees, SDM Offices, IHBAS, Swabhiman Parisar, Jails and Observation Homes. Details regarding the same are available at http://dslsa.org/legal-aid-wing/legal-service-clinics-section/ .

One Stop Centres located in the Court Complexes and also at the Sakhi One Stop Centres at IHBAS (Shahdara), Lal Bahadur Shastri Hospital (East), Jeevan Centre (South East), Pandit Madan Mohan Malviya Hospital (South), Dada Dev Hospital (South West), Gram Sabha Building (New Delhi), Babu Jag Jeevan Ram Hospital (North), Nirmal Chhaya (West), LNJP Hospital (Central), Ambedkar Hospital (North West) and Jag Pravesh Hospital (North East). We facilitate immediate, emergency and non - emergency access to a range of services including medical, legal, psychological and counselling support under one roof to fight against any form of violence against women. Details regarding the same are available at

हमारे वकील भी रोस्टर के अनुसार जेल परिसरों का दौरा करते हैं और वे जेल के कैदियों को उनकी ओर से आवेदन तैयार करने/अग्रेषित करने में कानूनी सहायता प्रदान करते हैं; वे कैदियों को यह भी अवगत कराते हैं कि उनका  मामला किस चरण पर है।

हम विश्वविद्यालयों और कॉलेजों जैसे शैक्षिक संस्थानों सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित Juvenile Justice Boards, Child Welfare Committees, SDM Offices, IHBAS, Swabhiman Parisar, Jails and Observation Homes आदि में स्थित हमारे कानूनी सेवा क्लीनिकों में कानूनी मुद्दों पर सलाह और सहायता भी प्रदान करते हैं। इस के संबंध में विवरण http://dslsa.org/legal-aid-wing/legal-service-clinics-section/  पर उपलब्ध है।

हम सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में हिंसा की शिकार महिलाओं को न्यायालय परिसर में स्थित One Stop Centre और IHBAS (Shahdara),Lal Bahadur Shastri Hospital (East), Jeevan Centre (South East), Pandit MadanMohan Malviya Hospital (South), Dada Dev Hospital (South West), Gram Sabha Building (New Delhi), Babu Jag Jeevan Ram Hospital (North), Nirmal Chhaya (West), LNJP Hospital (Central), Ambedkar Hospital (North West) and Jag Pravesh Hospital (North East) में स्थित Sakhi One Stop Centres में भी सहायता प्रदान करते हैं। हम शारारिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित महिलाओं को हिंसा के खिलाफ लड़ने के लिए एक ही छत के नीचे चिकित्सा सहायता,कानूनी और मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित कई सेवाओं के लिए तत्काल, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन पहुंच की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके बारे में विवरण http://dslsa.org/one-stop-centres/ पर उपलब्ध है।

http://dslsa.org/one-stop-centres/ .

As per directions of NALSA, DSLSA conceived a Pilot Project "Legal Aid Defense Counsel System" in District and Sessions Courts, Dwarka, Delhi for providing free legal aid in criminal matters with the objective of providing quality legal services in criminal matters and to professionally manage and implement legal aid system in criminal matters. Under this Project, legal advice and assistance; conducting trial and appeals in Sessions Courts; handling bail applications in Sessions Courts etc. are provided through the Legal Aid Defense Counsel Office to accused/convicts. We plan to replicate this Project in other District Courts also.

b) Spreading Legal Awareness and Literacy amongst masses and training Legal Aid Counsels and Para Legal Volunteers; Police Personnel; officials at Juvenile Justice Boards, Child Welfare Committees, Delhi Commission for Women etc.:

DSLSA organizes seminars/ webinars/ door to door awareness camps to create awareness amongst the masses about their legal entitlements and corresponding duties. We also help in implementation of the Legal Literacy Missions. We also make use of print and electronic media as well as social media to spread legal awareness. We hold special training sessions for our Legal Aid Counsels and Para Legal Volunteers, Police Personnel; officials at Juvenile Justice Boards, Child Welfare Committees, Delhi Commission for Women etc. We also use the training modules drafted by NALSA

NALSA के निर्देशों के अनुसार, आपराधिक मामलों में मुफ्त कानूनी सहायता और गुणवत्तापूर्ण कानूनी सेवाएं प्रदान करने के पेशेवर प्रबंधन के उद्देश्य से DSLSA द्वारा जिला और सत्र न्यायालय, द्वारका, दिल्ली में कानूनी सहायता प्रणाली लागू करने के लिए एक पायलट परियोजना "Legal aid Defence Counsel System" का आरंभ किया गया। इस परियोजना के तहत अभियुक्तों को कानूनी सलाह और सहायता; सत्र न्यायालयों में परीक्षण के दौरान तथा अपील और जमानत आवेदनों तैयार करने/अग्रेषित करने में "Legal aid Defence Counsel System के माध्यम से कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। हम इस परियोजना का अनुकरण अन्य जिला न्यायालयों में भी करने की योजना बना रहे हैं।

b) जनता के बीच कानूनी जागरूकता और साक्षरता फैलाना और कानूनी सहायता अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर्स, पुलिस कार्मिक; किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, दिल्ली महिला आयोग आदि के अधिकारियों को प्रशिक्षण देना ।

DSLSA एवं विभिन्न DLSAs अपने कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए Seminar / Webinar / Door to Door जागरूकता शिविर आयोजित करते हैं। हम कानूनी साक्षरता मिशन के कार्यान्वयन में भी मदद करते हैं। हम कानूनी जागरूकता फैलाने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया का भी उपयोग करते हैं। हम अपने कानूनी सहायता अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर्स, पुलिस कर्मियों, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, दिल्ली महिला आयोग आदि के अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं। हम इसके लिए NALSA द्वारा तैयार किए गए Training Module का भी उपयोग करते हैं। COVID-19 लॉकडाउन के दौरान, हमने अपने कानूनी सहायता

for the same. During COVID-19 lockdown, we started a virtual Learning Series for our Legal Aid Lawyers and also had sessions for Para- Legal Volunteers; Mahila Panchayats etc. Many of the recordings of our webinars are available on our YouTube Channel https://www.youtube.com/channel/UC9Ec41aNJLKZDUBBcsl7URw/featured .

With a view to engage law students in our work and spread awareness about the work we do, we also have bi- annual internship programs in June and December. The internships are duly advertised on our websites.

c) **Organizing Lok Adalats, Special Lok Adalats and Permanent Lok Adalats:**

DSLSA organizes Lok Adalats for settlement of all types of pending and pre-litigation Civil and Criminal Compoundable cases regularly across all the 11 Districts in Delhi. We organize Lok Adalats in District Courts, High Court, Central Administrative Tribunal, District Consumer Disputes Redressal Forums, State Consumer Disputes Redressal Commission, Debt Recovery Tribunals, Company Law Board & Revenue Courts. We have also set up 3 Permanent Lok Adalats under Section 22-B of the Legal Services Authorities Act, 1987 for providing compulsory pre-litigative mechanism for conciliation and settlement of cases relating to Public Utility Service like electricity etc. Details of the Lok Adalats are available at http://dslsa.org/national-lok-adalat/ .

वकीलों के लिए एक Virtual Learning Series शुरू की और पैरा-लीगल वालंटियर्स, महिला पंचायत आदि के लिए भी सत्र आयोजित किए। हमारे विभिन्न वेबिनारों की रिकॉर्डिंग हमारे YouTube Channelhttps://www.youtube.com/channel/UC9Ec41aNJLKZDUBBcsl7URw/featured पर उपलब्ध हैं।

हमारे काम में कानून के छात्रों को शामिल करने और हम जो काम करते हैं, उसके बारे में जागरूकता फैलाने के इरादे से, वर्ष में दो बार जून और दिसंबर में इंटर्नशिप कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

हमारी वेबसाइट पर इंटर्नशिप का विधिवत विज्ञापन दिया जाता है।

(c) **लोक अदालतों, विशेष लोक अदालतों और स्थायी लोक अदालतों का आयोजन:**

DSLSA दिल्ली के सभी 11 जिलों में नियमित रूप से सभी प्रकार के लंबित और pre-litigation Civil and Criminal Compoundable Cases के निपटारे के लिए लोक अदालतों का आयोजन करता है। हम जिला न्यायालयों, उच्च न्यायालय, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, Company Law Board और राजस्व न्यायालयों में लोक अदालतों का आयोजन करते हैं। हमने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-बी के तहत 3 स्थायी लोक अदालतें जनोपयोगी सेवा जैसे बिजली आदि से संबंधित मामलों के समाधान और निपटान के लिए compulsory pre-litigative mechanism for conciliation and settlement भी स्थापित की हैं। लोक अदालतों का विवरण http://dslsa.org/national-lok-adalat/ पर उपलब्ध है।

(d) **वाणिज्यिक मामलों में संस्था-पूर्व मध्यस्थता का संचालन करना:**

d) Conducting Pre-Institution Mediation in Commercial Matters:

Under Chapter III-A to the Commercial Courts Act, 2015, DSLSA under a mandate to facilitate the conduct of mediation in all matters covered by the aforesaid Act. The mediation is carried out through the Mediation Centre in each of the Court complex under the aegis of Delhi Mediation Centre and the Secretary, DHCLSC/DLSA is the Nodal Officer for the implementation of the Act and the Rules, and for conduct of pre-institution mediation. The applications in respect of commercial disputes are entertained by the DHCLSC/the DLSA concerned having regard to territorial and pecuniary jurisdiction and nature of commercial dispute in terms of Rules. Details of the same are available onhttps://drive.google.com/file/d/1LbjZ9jQJOpLz1npfUBTcSqk2nWZQxNEd/view .

e) Grant of compensation to the victims/ dependents of victims under the Delhi Victims Compensation Scheme- 2018:

DSLSA is the Nodal Agency for implementation of the Delhi Victims' Compensation Scheme- 2018. We ensure that victim compensation funds are utilized in the best interest of the victim to alleviate the physical and mental harm sustained by the victim, owing to the crime, while simultaneously ensuring that the compensation amount so awarded is not frittered away by unscrupulous persons or are misused by leveling false and vexatious accusations only. Details of the Scheme and modalities of implementation are available at: http://dslsa.org/legal-aid-wing/victim-compensation-section/ .

वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के अध्याय III-ए के अंतर्गत DSLSA इन न्यायालयों में दाखिल होने वाले मामलों में मध्यस्थता को सुविधाजनक बनाता है। दिल्ली मध्यस्थता केंद्र के तत्वावधान में प्रत्येक न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से मध्यस्थता की जाती है और DHCLSC / DLSA के सचिव, अधिनियम और नियमों के कार्यान्वयन के लिए और Pre-Institution Mediation के संचालन के लिए नोडल अधिकारी हैं। वाणिज्यिक विवादों के संबंध में आवेदनों पर DHCLSC /Concerned DLSA द्वारा नियमों के संदर्भ में क्षेत्रीय और आर्थिक क्षेत्राधिकार और वाणिज्यिक विवाद की प्रकृति के संबंध में विचार किया जाता है। उस का विवरण

https://drive.google.com/file/d/1LbjZ9jQJOpLz1npfUBTcSqk2nWZQxNEd/view पर उपलब्ध है।

(e) दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना-2 0 1 8 के तहत पीड़ितों/पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजे का अनुदान:

DSLSA दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना- 2018 के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि पीड़ित मुआवजा राशि का उपयोग पीड़ित के सर्वोत्तम हित में हो जिससे कि अपराध के कारण पीड़ित को होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान को कम किया जा सके। साथ ही साथ हम यह भी सुनिश्चित करतें है कि प्रदान की गई मुआवजे की राशि का उपयोग बेईमान व्यक्तियों द्वारा नहीं किया जा सके या पीड़ित द्वारा केवल झूठे और कष्टप्रद आरोप लगाकर इसका दुरुपयोग न किया जाये। योजना का विवरण और कार्यान्वयन के तौर-तरीके http://dslsa.org/legal-aid-wing/victim-compensation-section/ पर उपलब्ध हैं।

**We also play an important role in providing medical and financial help to Acid Attack victims. Their applications are taken up by the Criminal Injuries Compensation Board, where DLSA Secretary is a member.**

**f) Implementation of judicial directives issued by the Hon' ble Supreme Court of India and Hon' ble High Court of Delhi:**

**DSLSA and its subsidiary DLSAs play an instrumental role in enforcement of directions issued by the Hon' ble Supreme Court and Hon' ble High Court of Delhi in cases pertaining to Delhi Victims' Compensation Scheme; Motor Accident Claims; Missing Children; Juvenile Justice; Child Labour; under- trial prisoners; Children of Incarcerated Parents; counseling of rape victims etc.**

हम एसिड अटैक पीड़ितों को चिकित्सा और वित्तीय सहायता प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उनके आवेदनों को Criminal Injuries Compensation Board के समक्ष रखा जाता है, जिसमें DLSA के सचिव इसके सदस्य होते है।

(f) भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय और माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जारी न्यायिक निर्देशों का कार्यान्वयन:

DSLSA और इसकी सहायक DLSAs दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना, मोटर दुर्घटना का दावा; लापता बच्चे; किशोर न्याय; बाल श्रम; विचाराधीन कैदी; जेल में बंद माता-पिता के बच्चे; बलात्कार पीड़ितों की काउंसलिंग आदि से संबंधित मामलों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## *Right to Information*

**The Delhi State Legal Services Authority (Right to Information) Rules, 2016 read in conjunction with Right to Information Act, 2005 governs disclosure of information by this Authority to the public. Details regarding the PIOs; RTI Manuals; RTI Rules etc. are available at http://dslsa.org/rti/**

## सूचना का अधिकार

इस प्राधिकरण द्वारा जनता के लिए सूचना के प्रकटीकरण को, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के समुच्चयबोधक पठन से दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सूचना का अधिकार) नियम, 2016 के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। PIO के बारे में विवरण; आरटीआई नियमावली; आरटीआई नियम आदि http://dslsa.org/rti/ पर उपलब्ध हैं।

## *Our commitment to standards of service and courtesy to all*

We strive to resolve your complaints and grievances as expeditiously as possible. However, the same may take time depending upon the nature of your complaint/ grievance. Nonetheless, we assure you that your complaint would be attended to within a period of 30 working days and communication regarding the same shall be made forthwith.

Our endeavor is to provide polite and helpful staff who will treat you with courtesy and respect; cater to your requests promptly and effciently. We, while delivering services to our beneficiaries, respect their privacy and ensure that at no stage, the same is compromised.

## *Complaint Mechanism*

If you have any complaint against the staff of DSLSA/ DHCLSC/ DLSA or the Secretaries of DSLSA/ DHCLSC/ DLSA, you may approach the Member Secretary, DSLSA or Secretaries of the DLSAs by way of a written complaint or through personal interaction. The name and telephone numbers of all officers are prominently displayed at our website. We assure you that you shall be given a patient audience and due action will be taken on your complaint. In case you desire that while

## सेवा के मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सभी के प्रति शिष्टाचार

हम आपकी शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करने के लिये सदा तत्पर हैं। हालांकि, हम प्रयास करेंगे कि आपकी शिकायतों का समाधान शीघ्र हो  परंतु यह आपकी शिकायत की प्रकृति पर निर्भर करता है। फिर भी, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपकी शिकायत पर 30 कार्य दिवसों की अवधि के भीतर ध्यान दिया जाएगा और उसी के संबंध में तुरंत संपर्क किया जाएगा।

हमारा प्रयास विनम्र और सहायक स्टाफ प्रदान करना है जो आपके साथ शिष्टाचार और सम्मान के साथ पेश आए और आपके अनुरोधों पर त्वरित और कुशलतापूर्वक कार्य करें। हम, अपने लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान करते समय, उनकी निजता और मामलों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी स्तर पर इससे समझौता न किया जाए।

## शिकायत तंत्र:

यदि आपको DSLSA /DHCLSC/ DLSAs के कर्मचारियों या DSLSA /DHCLSC/ DLSAs के सचिवों के खिलाफ कोई शिकायत है, तो आप लिखित शिकायत के माध्यम से या व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से DSLSA के सदस्य सचिव, या DLSA के सचिवों से संपर्क कर सकते हैं। सभी अधिकारियों के नाम और टेलीफोन नंबर हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपको धैर्य पूर्वक सुना जायेगा और आपकी शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यदि आप चाहते हैं कि

dealing with your complaint, your name is not disclosed, then we shall ensure that the same is kept confidential. We shall strive to make discreet, independent inquires on your complaint. However, it is made clear that no anonymous complaint shall be entertained. All complaints will be acknowledged by us within 7 working days and final reply on the action taken will be communicated within 30 working days. Boxes for suggestions and complaints are placed at entrance of our Office. You may drop your complaints or suggestions of any nature with your name, address, email address, telephone number in any of the said boxes.

आपकी शिकायत पर कार्रवाई करते समय, आपके नाम का खुलासा न किया जाए, तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इसे गोपनीय रखा जाए। हम आपकी शिकायत पर विवेकपूर्ण, स्वतंत्र पूछताछ करने का प्रयास करेंगे। तथापि, यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी बेनाम शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी शिकायतों को हमारे द्वारा 7 कार्य दिवसों के भीतर अभिस्वीकृत किया जाएगा और की गई कार्रवाई पर अंतिम उत्तर 30 कार्य दिवसों के भीतर सूचित किया जाएगा। सुझावों और शिकायतों के लिए पेटी हमारे कार्यालय के प्रवेश द्वार पर रखे गई है। आप अपनी शिकायतों या किसी भी प्रकार के सुझावों को अपने नाम, पता, ईमेल, टेलीफोन नंबर के साथ उक्त किसी भी पेटी में डाल सकते हैं।

## *Our expectations from the public*

We expect civility and a patient and cooperative attitude from you while dealing with our staff and empanelled lawyers, as this would enable them to perform their duties better. Further, we expect beneficiaries of legal aid to furnish full and true information to their assigned legal aid counsel and to attend the court as and when required, so as to diligently pursue their cases.

## जनता से हमारी अपेक्षाएं

हम आप से अपेक्षा करते हैं कि आप हमारे स्टाफ और पैनल के अधिवक्ताओं के प्रति शिष्टतापूर्वक, धैर्यपूर्वक एवं सहयोगी रवैया अपनाएंगे जिससे कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह अच्छे प्रकार से कर सकें। इसके अतिरिक्त हम कानूनी सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे नियुक्त कानूनी सहायता अधिवक्ता को पूर्ण एवं सही जानकारी प्रदान करेंगे और आवश्यकतानुसार न्यायालय भी जाएंगे जिससे कि मामलों को तत्परतापूर्वक आगे बढ़ाया जा सके।

## *Our receptiveness to Suggestions of all stakeholders/ beneficiaries*

**Citizens' Charter is a joint ef fort between us and you to improve the quality of service provided by us and we request you to help us by giving suggestions for upgrading our services. We are always open to your suggestions or complaints in respect of the amenities and facilities being provided by us. The same shall always be taken positively. You may feel free to make all such suggestions or complaints in writing or otherwise, to Member Secretary, DSLSA or Secretaries of the DHCLSC/ DLSAs. You may also send your suggestions or complaints through e-mail at the official email IDs available on the website.**

## सभी हितधारकों/लाभार्थियों के सुझावों के प्रति हमारी ग्रहणशीलता

**हम आप से अपेक्षा करते हैं कि आप हमारे स्टाफ और पैनल के अधिवक्ताओं के प्रति शिष्टतापूर्वक, धैर्यपूर्वक एवं सहयोगी रवैया अपनाएंगे जिससे कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह अच्छे प्रकार से कर सकें। इसके अतिरिक्त हम कानूनी सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे नियुक्त कानूनी सहायता अधिवक्ता को पूर्ण एवं सही जानकारी प्रदान करेंगे और आवश्यकतानुसार न्यायालय भी जाएंगे जिससे कि मामलों को तत्परतापूर्वक आगे बढ़ाया जा सके।**

**याद रखें: आप हमारी बहुत मदद कर सकते हैं।**
**आप अपने बहुमूल्य सुझाव देकर बेहतर सेवाएं प्रदान करने में हमारी मदद कर सकतें हैं।**
**इस प्रकार आप केवल हमारे हितग्राही नहीं बल्कि हमारे हितैषी भी बन सकते हैं।**

***Remember: You can be of immense assistance to us. Help us serve you better.***
***You are not just our beneficiaries, you can become our Benefactors too.***

## Persons Eligible for Getting Free Legal Aid in Delhi

- ✓ SC or ST
- ✓ Victim of trafficking or begar
- ✓ Women or Child
- ✓ Person with disabilities
- ✓ Victim of Mass Disaster/Ethnic Violence Caste Atrocity/Flood/ Earthquake or Industrial Disaster

  Industrial Workmen
- ✓ In Custody/ Protective Home/ Juvenile Home/Psychiatric Hospital/ Psychiatric Nursing Home
- ✓ Person having annual income less than Rs. 3 Lac
- ✓ Senior Citizen having annual income less than Rs. 4 Lac
- ✓ Transgender having annual income less than Rs. 4 Lac
- ✓ Acid Attack Victim
- ✓ Person infected and affected with HIV Aids

## दिल्ली में निशुल्क विधिक सेवा पाने के पात्र व्यक्ति

- ✓ एससी या एसटी
- ✓ तस्करी या बेगार का शिकार
- ✓ महिला या बच्चा
- ✓ विकलांग व्यक्ति
- ✓ सामूहिक आपदा/जातीय हिंसा का शिकार जाति अत्याचार/बाढ़/भूकंप या औद्योगिक आपदा
- ✓ औद्योगिक कामगार
- ✓ कस्टडी/प्रोटेक्टिव होम/किशोर गृह/मनोचिकित्सा अस्पताल/ मनश्चिकित्सीय नर्सिंग होम में
- ✓ 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्ति।
- ✓ वरिष्ठ नागरिक जिनकी वार्षिक आय 4 लाख रुपये से कम है।
- ✓ ट्रांसजेंडर जिनकी वार्षिक आय 4 लाख रुपये से कम है।
- ✓ एसिड अटैक पीड़ित
- ✓ एचआईवी एड्स से संक्रमित और प्रभावित व्यक्ति

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण

सेवा समाधान समर्पण

**DELHI STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY**

3rd Floor, Rouse Avenue District Courts Complex
Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi, 110002
Email : lae-dslsa@gov.in

Follow Us!

/DSLSA

DSLSA

@DSLSA_DELHI

@DSLSA_DELHI

SCAN ME